हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 जून 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

विकसित भारत का संकल्प जनभागीदारी से होगा पूर्ण प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण : अग्रवाल
4



(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड
(रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

### जल संकट ने लिया विस्फोटक रूप, प्रशासन और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# पानी के लिए फूटा गुस्सा, नौ घंटे में तीन जगहों पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में पेयजल संकट अब जन आक्रोश का रूप ले चुका है। भीषण गर्मी के बीच पानी की एक-एक बूंद के लिए नगरवासी तरस रहे है। नागरिकों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया और महज 9 घंटे के भीतर नगर के तीन अलग-अलग स्थानों पर चक्का जाम कर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

भीषण गर्मी में नगरवासी इन दिनों पेयजल के लिए मशक्कत कर रहे है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अकलतरा के अनेक वार्डों में रहने वाले लोग रातभर जागकर पानी की प्रतीक्षा करने को मजबूर हैं। वहीं कई मोहल्लों में दिनों से नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। नगर में पिछले दो सप्ताह से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान के बजाय केवल आश्वासन देने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। परिणामस्वरूप आम जनता का गुस्सा अब सड़कों पर फूटने लगा है। घोड़ाधार चौक में शुक्रवार की रात 9 बजे वार्ड क्रमांक-14 के लोगों ने चक्काजाम कर दिया। पेयजल संकट से त्रस्त वार्डवासियों का आरोप था कि नगर पालिका की लापरवाही के कारण उन्हें कई दिनों से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। सूचना मिलने पर एसडीएम सुमित बघेल मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों को समझाने का प्रयास किया। देर रात 11 बजे पानी की आपूर्ति कराए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके बाद आधी रात को फिर शास्त्री चौक में वार्ड क्रमांक 12, 5 एवं 6 के नागरिक एकत्र होकर सड़क पर बैठ गए। पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव एवं मुरलीधर मिश्रा की उपस्थिति में लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। आंदोलनकारियों का कहना था कि वर्षों से जल संकट का स्थायी समाधान नहीं किया गया और हर साल जनता को इसी परेशानी से गुजरना पड़ता है। एसडीएम द्वारा दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान करने का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद रात लगभग 1:30 बजे चक्का जाम समाप्त हुआ। इधर शनिवार 20 जून को सुबह होते ही आजाद चौक में तीसरा और सबसे बड़ा आंदोलन हुआ। शनिवार को सुबह 6 बजे वार्ड क्रमांक 9, 10, 17 एवं 18 के नागरिक आजाद चौक में एकत्र होकर सड़क पर बैठ गए और चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन शुरु कर दिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, पार्षद वैशाली विवेक सिंह बैस, श्रीमती रुक्मणी वैष्णव एवं कमलेश्वर दास वैष्णव की मौजूदगी में नागरिकों ने पेयजल व्यवस्था को लेकर तीखा विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नगर पालिका केवल कागजों में काम कर रही है जबकि जमीनी हकीकत यह है कि लोग पानी के लिए भटक रहे हैं। यह चक्का जाम सुबह 6 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जारी रहा, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। मौके पर एसडीएम सुमित बघेल, तहसीलदार अविनाश चौहान एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा पहुंचे। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और दो दिनों में समस्या के समाधान का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ।



शास्त्री चौक में चक्काजाम कर प्रदर्शन करती महिलाएं।

### 10 करोड़ से अधिक खर्च, फिर भी पानी के लिए तरस रहे नागरिक

नगर में पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए वर्ष 2017-18 में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से जल आवर्धन योजना तैयार की गई थी। वर्ष 2021 में इसका क्रियान्वयन शुरू हुआ, लेकिन प्रारंभिक ठेकेदार ने मात्र लगभग 25 प्रतिशत कार्य कर करीब 10 करोड़ रुपये की राशि निकाल ली। मामला विधानसभा तक पहुंचा, जहां विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा प्रश्न उठाए जाने के बाद संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया गया और आर्थिक दंड भी लगाया गया। इसके बावजूद वर्षों बाद भी योजना अधूरी है और नगरवासियों को उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में दूसरे ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है, लेकिन नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि लोगों को पानी के लिए सड़क पर उतरना पड़े तो यह योजना की सफलता नहीं बल्कि व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। नगर के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि अकलतरा में जून माह के दौरान जल संकट की समस्या नई नहीं है। पूर्व में जब भी ऐसी स्थिति बनती थी, नगर पालिका के पदाधिकारी एवं अधिकारी पहले से तैयारी कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते थे। लेकिन इस बार प्रशासनिक उदासीनता और नगर पालिका की लचर कार्यप्रणाली ने हालात को विस्फोटक बना दिया। जनता का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते समस्या का समाधान करने के बजाय संकट गहराने का इंतजार करते रहे।



वाहनों की जांच करते डीएसपी ट्रैफिक व अन्य अधिकारी।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहनों की जांच, 10 पर किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नए शिक्षा सत्र के लिए 16 जून से स्कूल खुल गए हैं। प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के लिए वाहन की सुविधा दी जाती है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष शिविर लगाकर स्कूली वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 89 वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की 16 बिंदुओं पर जांच की गई। खामियां पाए जाने पर 10 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया।

नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन डीजल की किल्लत के चलते अभी निजी स्कूलों में वाहन नहीं चल रहे हैं। गर्मी की छुट्टी के बाद वाहन लम्बे समय से खड़े हैं। ऐसे में बच्चों के सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने पुलिस लाइन जांजगीर में स्कूली वाहनों की जांच के लिए विशेष शिविर लगाया। शिविर में 89 स्कूली वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा मानकों की विशेष जांच की गई। वाहनों का 16 बिंदुओं पर भौतिक सत्यापन एवं तकनीकी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 7 हजार रुपए का समन शुल्क जिला परिवहन विभाग द्वारा वसूला गया। जांच के दौरान वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा, चालक लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही वाहनों में सीट बेल्ट, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा तथा फर्स्ट एड बॉक्स जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चालकों से वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा शराब सेवन कर वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी जांच शिविरों में कमियां पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, आर टी ओ प्रदीप शर्मा, यातायात शाखा से सुभाष चौबे, यशवंत वर्मा, अनुराग सिंह सहित यातायात व परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**चालकों का हुआ परीक्षण** स्कूल बसों एवं वैनों का फिटनेस परीक्षण करते हुए चालकों का परीक्षण भी किया गया। शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वाहन चालकों और हेल्फरों का नेत्र परीक्षण किया।साथ मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य चेकअप भी किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. आशा कोसले, डॉ. आलोक दुबे, डॉ. पंचराम केवंट, हरिशंकर धीवर, श्रद्धा दुबे ने अपनी सेवा दी।

## खबर संक्षेप

### 22 जून से 3 जुलाई तक कई लोकल मेमू और पैसेंजर ट्रेने रहेगी रद्द

**जांजगीर-चांपा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर ऑटो सिग्नलिंग प्रणाली को दुरुस्त करने और चौथी रेल लाइन को जोड़ने का महत्वपूर्ण ढांचागत कार्य किया जाना है। इस गैर इंटरलोकिंग कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने आगामी 22 जून से 3 जुलाई तक कई महत्वपूर्ण लोकल, मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को पूरी तरह से रद्द करने का निर्णय लिया है। रेलवे विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए घर से निकलने से पहले अपनी ट्रेन का स्टेटस जरूर चेक कर लें।लोकल ट्रेनों के निरस्तीकरण के साथ-साथ लंबी दूरी की ट्रेनों का समय भी प्रभावित होगा। रेलवे प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को कोरबा रेलवे स्टेशन से रवाना होने वाली कोरबा छत्तीसगढ़ अमृतसर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग दो घंटे की देरी से संचालित की जाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बिलासपुर चांपा चौथी लाइन परियोजना के पूरा होने से भविष्य में ट्रेनों की गति बढ़ेगी और लेटलतीफी से निजात मिलेगी।

### किसानों के खाते में आए सम्मान निधि के 24.15 करोड़

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त किसानों के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किया गया। जिसके तहत कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर-चांपा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिले के 120719 किसानों के डीबीटी बैंक खाते में 24.15 करोड़ रू. हस्तांतरित किये गये हैं। कृषि विभाग के उप संचालक राकेश कुमार शर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ खरीफ फसलों में धान के अलावा दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र में विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने जिले के किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने की भी जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. के. डी. महन्त ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही जीवामृत एवं बीजामृत बनाने की विधि और उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन नवीनीकरण प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों (छग के निवासी), जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2026.27 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2026-27 में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन नवीनीकरण के लिए 20 जून एवं नवीन आवेदन के लिए 1 अगस्त से छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ किये जायेंगे।

# औचक निरीक्षण कर अफसरों ने लिया स्कूलों की व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होते ही विकासखंड अकलतरा में विद्यालयों के सघन निरीक्षण का अभियान शुरू कर दिया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड समन्वयक द्वारा विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने हायर सेकेंडरी स्कूल देवकिरारी, प्राथमिक विद्यालय लटिया एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, अभिलेखों, शिक्षकों की उपस्थिति तथा विद्यार्थियों के अध्ययन स्तर की जांच की। विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक प्रगति का भी आकलन किया गया तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यालय संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा विद्यालय संचालन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बीईओ देवकांत द्विवेदी ने विद्या समीक्षा केंद्र में उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों का पंजीयन तकनीकी कारणों से नहीं हो पाया है, वे तत्काल बीआरसी कार्यालय से संपर्क कर प्रक्रिया पूर्ण करें। एबीईओ श्रीमती स्वाति राठौर ने मुरलीडीह एवं अमोरा एवं श्रीमती रत्नमाला सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हरदी एवं कापन का निरीक्षण किया। बीआरसी श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय खोंड, केजीबीवी हरदी, बालक अकलतरा, प्राथमिक विद्यालय लेबर कॉलोनी तथा प्राथमिक विद्यालय नायकटांड अकलतरा का औचक निरीक्षण किया गया।



### आदतन गुंडा बदमाश राकेश यादव के जिला बदर की अनुशंसा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आदतन गुंडा बदमाश राकेश यादव के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की अनुशंसा की है। पुलिस ने उसके आपराधिक रिकॉर्ड और क्षेत्र में उसकी गतिविधियों का विस्तृत परीक्षण करने के बाद जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर, जांजगीर-चांपा को विस्तृत प्रतिवेदन भेजा है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के तहत थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम केवा निवासी राकेश यादव के खिलाफ पिछले कई वर्षों से दर्ज गंभीर आपराधिक मामलों और उसकी गतिविधियों का विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि वह लंबे समय से क्षेत्र में अवैध रेती उत्खनन और परिवहन के कार्यों में सक्रिय रूप से संलिप्त रहा है। पुलिस के अनुसार राकेश यादव के खिलाफ लोगों को डरा-धमकाने, मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने, बलवा करने और बार-बार शांति भंग करने जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। लगातार आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बना हुआ था, जिसके चलते जिला बदर की अनुशंसा की गई है।

# अग्निवीर भर्ती में जिले के 175 युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए मई-जून 2025 में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) एवं इसके पश्चात आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण में जांजगीर-चांपा जिले के युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है।

- **चयनित युवाओं का कलेक्टर ने किया सम्मान**

जिले से कुल 175 युवाओं का अंतिम रूप से अग्निवीर थलसेना में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर चयनित युवाओं के सम्मान में आकांक्षा आवासीय विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी चयनित युवाओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी सुब्रत प्रधान ने बताया कि सीईई परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण 10 जनवरी से 24 जनवरी तक धमतरी में आयोजित किया गया था।

जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सेना भर्ती में सफलता दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए भूतपूर्व सैनिक संघ के सहयोग से 9 सितंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक आवासीय शारीरिक प्रशिक्षण शिविर संचालित किया गया था। प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को सेना भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के अनुरूप नियमित अभ्यास कराया गया। इस विशेष प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम सामने आया और जिले के 175 युवा अग्निवीर भर्ती में सफल हुए।



चयनित युवाओं को सम्मानित करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

# खाद वितरण में अनियमितता, छह दुकानों के लायसेंस निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** उर्वरक वितरण में अनियमितता पर जिले के 6 निजी कृषि केन्द्रों के लायसेंस निलंबित एवं निरस्त किए गए है। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा की अगुवाई में जिला एवं विकासखण्ड स्तर के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा लगातार निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मेसर्स राजेश टेडर्स नवागढ़, मेसर्स पटेल कृषि केन्द्र तुस्मा, मेसर्स रोशन कुमार अग्रवाल पोड़ी, मेसर्स विकास टेडर्स खरौद एवं मेसर्स प्रकाश कृषि केन्द्र खरौद द्वारा निरीक्षण के दौरान पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक एवं भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरकों का सही मिलान ना होना, किसानों को सत्यापित कैश मेमो बिल जारी ना करना, उर्वरक वितरण रजिस्टर संधारण नही करना एवं निर्धारित मूल्य बोर्ड नही पाये जाने एवं कारण बताओ नोटिस का संतोषप्रद जवाब नही दिये जाने के कारण उर्वरक विक्रय लायसेंस 21 दिनों के लिए निलंबन कर दिया गया है। इसी प्रकार मेसर्स अभिषेक एग्रो कटनई विकासखण्ड अकलतरा में पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक एवं भौतिक रूप से उर्वरक उपलब्ध नही होने एवं विगत 2 वर्षो से उर्वरक का व्यवसाय नही किये जाने के कारण उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 31 (1) एवं 4,5,19 एवं 35 की धारा का उल्लंघन किये जाने पर उर्वरक विक्रय लायसेंस को हमेशा के लिए निरस्त कर दिया गया है।

### हाईवे पर संचालित ढाबों की हुई जांच

**जांजगीर-चांपा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जिले के हाईवे किनारे संचालित ढ़ाबों की जांच की गई। इस दौरान ढाबा संचालकों को पार्किंग और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने निर्देश दिए गए। विशेष रूप से पार्किंग हेतु गार्ड रखने, ढाबे के पास रोड कवर करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने समझाइश दी गई। साथ ही ढाबों में किसी भी प्रकार के शराब परोसने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

### जिले के पांच केन्द्र में 14 सौ परीक्षार्थी होंगे शामिल

# सख्त नियम के साथ आज होगा नीट री-एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून को री-नीट एग्जाम कराया जाएगाा। जिले में इसके लिए 5 केन्द्र बनाए गए है। पूर्व में नीट एग्जाम का पर्चा लीक होने के बाद इस बार सख्त नियमों के साथ परीक्षा आयोजित की जाएगी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) का आयोजन 3 मई को हुआ था। पेपर लीक होने के कारण इसे रद्द कर दिया गया। अब दोबारा इस परीक्षा का आयोजन 21 जून को किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में पांच केन्द्र बनाए गए है। इन केन्द्रों में 1 हजार 496 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पूर्व में गड़बड़ी के कारण परीक्षा रद्द होने के चलते इस बार सख्त नियमों के साथ परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर और एसपी दो बार निरीक्षण कर चुके है। राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार केन्द्रों में व्यवस्था मुक्कमल की गई है। सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने सख्त ड्रेस कोड लागू किया गया है। परीक्षार्थियों को हल्के और आधी अस्तिन के कपड़े पहनने होंगे। जूतों के स्थान पर सामान्य चप्पल या कम हील वाले सेंडल ही मान्य होंगे। घड़ी, चश्मा, बेल्ट, टोपी या किसी भी तरह के गहने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के लिए 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। दोपहर 1.30 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केन्द्र में पहुंचते ही प्रत्येक अभ्यर्थी की बायोमैट्रिक औरमेटल डिटेक्टर के माध्यम से गहन जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा और व्यापक तैयारियों को लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे व एसपी विजय पांडेय दो बार केन्द्रों का निरीक्षण कर चुके है। शुक्रवार को भी दोनों ने केन्द्रों में पहुंचकर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते कलेक्टर-एसपी।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

# LCIT COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS

Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)

THINK EDUCATION THINK LCIT

AFFILIATED TO & APPROVED BY

MEMBER OF

Virtual Labs
An MoE Govt of India Initiative

FREE ONLINE EDUCATION swayam

## Best College in the Region




Scan For A Brighter Future

APPLY @
COLLEGE CODE 240

ADMISSIONS OPEN 2026-27

## COURSES OFFERED

### SCIENCE

**BCA**(Hons.)
AICTE Approved

**B.Sc.**(Hons.)
- Biology
- Microbiology
- Biotechnology
- Mathematics
- Computer Science

**M.Sc.**
- Zoology
- Chemistry
- Biotechnology
- Computer Science

**PGDCA**

98278-75752

### COMMERCE

**B.Com**(Hons.)

**BBA**(Hons.)
AICTE Approved

**M.Com**
with Marketing & Management

75666-66785

### ARTS

**B.A.**(Hons.)
- History
- Sociology
- Geography
- Economics
- Political Science
- English Literature

**M.A.**
- Geography

91097-30890

### LAW

**B.A. LL.B.**
**B.B.A. LL.B.**
**B.Com. LL.B.**
**LL.B.**
**LL.M.**

97558-19835

## PLACEMENT HIGHLIGHTS

| TOTAL PLACEMENT | RECRUITING COMPANIES | HIGHEST PACKAGE | AVERAGE PACKAGE |
|---|---|---|---|
| 500+ | 50+ | 12.50 LPA | 4.55 LPA |

## TOP RECRUITERS

TCS TATA CONSULTANCY SERVICES | YOKOHAMA | Datun Jangal se | HDFC BANK | adani Cement | & Many More

## UNIVERSITY - GOLD MEDALIST

- YASHRAJ — M.Sc. CS
- SHUBHANGI SINGH THAKUR — M.Com
- SHREYANSHI JAIN — BBA
- KASHISH MATLANI — B.Com
- CHANDRA PRAKASH CHOUBEY — B.Com. LL.B.

30+ BRILLIANT MINDS FROM OUR COLLEGE HAVE SECURED RANKS IN THE UNIVERSITY MERIT LIST!

## CAMPUS LIFE


RASS GARBA


MH 43 INDIA BAND


EXCURSION TRIPS


EDUCATIONAL VISIT

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS

# छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टरों से अनुबंध का काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

आदिवासी विकास विभाग के आश्रम छात्रावास के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए पूर्व से चली आ रही निजी चिकित्सकों से अनुबंध की प्रक्रिया अब बंद कर दी गई है। शासन के नए प्रावधानों के तहत जिन आश्रम छात्रावास के 20 किमी के दायरे में स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं वहां चिकित्सकों से अनुबंध नहीं किए जाएंगे।

जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में 183 प्री व पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावास संचालित हैं जहां 5 हजार से अधिक बच्चे प्रतिवर्ष प्रवेश लेते हैं इनके स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आदिवासी विकास विभाग के द्वारा निजी चिकित्सकों से एक मुश्त राशि के अंतर्गत अनुबंध किया जाता था जिनके द्वारा सप्ताह में दो दिन आश्रम छात्रावास पहुंचकर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां दी जाती थी। अब इस प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है। राज्य शासन से मिले नए निर्देशों के तहत जिन आश्रम छात्रावासों के 20 किमी के दायरे में अगर स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं तो उन छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य केंद्रों में ही किया जाएगा। इसके लिए अलग से चिकित्सकों से अनुबंध करने की जरुरत नहीं है। शासन से आए इस नए निर्देश के तहत अब किसी भी चिकित्सक से अनुबंध की प्रक्रिया पर रोक

## शहरी क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की पहुंचती है एंबुलेंस

लगा दी गई है। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में संचालित आश्रम छात्रावास के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलने वाली एंबुलेंस से ही स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। यह एंबुलेंस शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन भ्रमण कर सप्ताह में दो दिन आश्रम छात्रावास परिसर पहुंचकर छात्रों का स्वास्थ परीक्षण करती है।

**खास बात**

- उप स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप संचालित हैं आश्रम छात्रावास




**अनुबंध की प्रक्रिया समाप्त**

आश्रम छात्रावास में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सकों से किए जाने वाला अनुबंध का काम बंद कर दिया गया है। शासन के प्रावधानों के तहत आश्रम छात्रावासों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग में ही होगा। इसी तरह जिले में इस वर्ष नए आश्रम छात्रावास खोलने के संबंध में शासन स्तर से कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

**- श्रीकांत कसेर**
सहायक आयुक्त आदिवासी विकास

### नहीं खुलेंगे नया आश्रम छात्रावास

जिले में इस वर्ष नया आश्रम छात्रावास नहीं खुलेंगे। विभाग के प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। इसी तरह 50 सीटर आश्रम छात्रावास को बढ़ाकर सौ सीटर किए जाने वाले प्रस्ताव पर भी किसी तरह की निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने छात्रों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर सीट बढ़ाने के लिए राज्य शासन को पत्र लिखा था। जिसमें जिले में संचालित आदिवासी विकास विभाग में संचालित आश्रम छात्रावास तथा स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत चलने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी सौ सीटर को बढ़ाकर दो सौ सीटर करने का उल्लेख था। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने इस संबंध में शासन प्रशासन को पत्र लिखा था।

## खबर संक्षेप

### डीएमएफ मद में लंबित भुगतानों को लेकर जनपद सदस्यों में आक्रोश

**कोरबा।** जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास मद के तहत स्वीकृत और पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों के भुगतान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जनपद सदस्यों द्वारा निर्माण कार्यों की यूनिक वर्क आईडी की मांग किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। आरोप है कि जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला प्रशासन और कलेक्टर को गुमराह करते हुए गलत जानकारी भेजी गई है, जिससे जनपद सदस्यों में भारी नाराजगी है। उल्लेखनीय है कि जनपद सदस्यों ने क्षेत्र में पूर्ण हो चुके विभिन्न निर्माण कार्यों की वर्क आईडी की आधिकारिक जानकारी मांगी थी। जिस तरह मनरेगा के तहत हर छोटे-बड़े कार्य की एक विशिष्ट आईडी होती है, ठीक उसी तरह डीएमएफ मद के कार्यों की भी आईडी होती है। सदस्य इस आईडी के जरिए यह पता लगाना चाहते थे कि आखिर कार्य पूर्ण होने के बावजूद ठेकेदारों और मजदूरों का भुगतान अब तक क्यों लंबित है और फाइलें किस स्तर पर अटकी हुई हैं। मामले में हास्यास्पद और गंभीर स्थिति तब पैदा हो गई जब जनपद सदस्यों को जानकारी देने के बजाय, जनपद सीईओ द्वारा जिला प्रशासन (कलेक्टोरेट) को एक अजीबोगरीब जवाब भेज दिया गया। सूत्रों के मुताबिक सीईओ ने कलेक्टर को दिए जवाब में कार्यों की वर्क आईडी के बजाय खुद जनपद सीईओ की आईडी मांगे जाने का उल्लेख कर दिया। जनपद सदस्यों का आरोप है कि लंबे समय से जानकारी दबाकर रखी जा रही है। भुगतान न होने के कारण धरातल पर विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ रहा है।

### ट्रैक्टर से ढहाई किसान की बाउंड्रीवॉल विरोध करने पर दी धमकी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैरोताल (कपाटमुड़ा) में शुक्रवार की एक व्यक्ति ने एक स्थानीय किसान की निजी स्वामित्व वाली बाउंड्री वॉल को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर जमींदोज कर दिया घटना के बाद जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने सरेआम परिवार धमकी देने लगा। जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुबे लाल पटेल पिता रूपसाय उम्र लगभग 40 वर्ष जो कि ग्राम भैरोताल के स्थाई निवासी हैं के घर के बाहर उनकी निजी स्वामित्व की बाउंड्री वॉल बनी हुई थी उक्त भूमि और रास्ते को लेकर पूर्व में ही राजस्व विभाग के पटवारी एवं आरआई द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत मौका जांच व सीमांकन किया जा चुका था सरकारी जांच रिपोर्ट में यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका था कि वहां कोई आम रास्ता नहीं है और प्रार्थी द्वारा बनाई गई ।

## पाड़ीमार जोन का मामला, बालको थाना में दर्ज कराया गया प्रकरण

# बिजली चोरों पर विद्युत विभाग का डंडा, बाल्को क्षेत्र में 10 उपभोक्ता पकड़े गए, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शहर के पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले बाल्को क्षेत्र में विद्युत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की सतर्कता टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे 10 उपभोक्ताओं को रंगे हाथों पकड़ा है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि बिजली चोर अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं ऐसे बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत वितरण विभाग की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। विद्युत विभाग के पाड़ीमार जोन के एई कृष्ण कुमार जोशी को पिछले कुछ समय से बाल्को और आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने क्षेत्र में अचानक दबिश दी जहां बिजली चोरी करते हुए दस लोगों को पकड़ा गया है। जांच के दौरान अधिकारी तब हैरान रह गए जब उन्होंने देखा कि कई घरों और परिसरों में मुख्य लाइन से सीधे कटिया (अवैध तार) मारकर बिजली खींची गई थी। कुछ जगहों पर मीटर से छेड़छाड़ के मामले भी सामने आए। टीम ने मौके से भारी मात्रा में अवैध तार और उपकरण जब्त किए हैं। बताया जाता है कि विद्युत विभाग की टीम ने सभी बिजली चोरों के खिलाफ विशेष प्रकरण बनाकर धारा 138, 135 के तहत मामला दर्ज कर मामले को न्यायालय में पेश किया है। विद्युत वितरण विभाग के डीई राजेश चौहान के निर्देश पर विद्युत वितरण विभाग द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है ताकि लाईन लॉस को कम किया जा सके। बिजली चोरी से ना केवल राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि ओवरलोडिंग के कारण ईमानदार उपभोक्ताओं को भी लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या झेलनी पड़ती है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उपभोक्ता अवैध कनेक्शनों से दूर रहें और वैध मीटर लगवाकर ही बिजली का उपयोग करें। सभी 10 आरोपियों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की जा रही है, ताकि क्षेत्र में बिजली चोरी पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।


अवैध हूकिंग करते हुए। (फाइल फोटो)

### इनके खिलाफ दर्ज किया गया मामला

विद्युत विभाग के अधिकारी कृष्ण कुमार जोशी ने बताया कि बालको क्षेत्र में बिजली चोरी के दस प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसमें रामचरण वस्त्रकार, लक्ष्मीकांत शर्मा, जयनाथ प्रसाद, श्रीमती कुरेशा खातुन, प्रमोद टंडन, रमीन बाई, बाबा फरीद, फमिदा खातुन, रेखा गुप्ता शामिल हैं। विद्युत विभाग के टीम ने इन सभी उपभोक्ताओं के घरों में छापामारी की कार्यवाही की थी जिसमें रामचरण वस्त्रकार के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं जिसमें एक मामले में 1 लाख 34 हजार 578 रुपए तथा दूसरे प्रकरण में 1 लाख 42 हजार 442 रुपए बिल ठोका गया है। इन सभी उपभोक्ताओं के घर से लाखों का बिजली चोरी का मामला सामने आया है कुल 10 उपभोक्ताओं के घर से लगभग 10 लाख से अधिक की बिजली चोरी पकड़ी गई है। सभी मामले थाना बालको में दर्ज की गई है। जिसमें धारा 138, 135 शामिल हैं।

**मामला कराया गया दर्ज**

पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले बालको क्षेत्र में बिजली चोरी की शिकायत पर टीम ने दबिश दी थी जहां दस उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी की जा रही थी सभी मामलों में प्रकरण तैयार कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्तओं के खिलाफ धारा 138, 135 के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

**- कृष्ण कुमार जोशी,** एई, पाड़ीमार जोन

# फिल्टर चौक में स्ट्रीट लाइट की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रजगामार

समाजसेवी संगठन जन चिंतक मंच ने रजगामार कोलियरी क्षेत्र के मुख्य स्थल फिल्टर चौक में अंधेरे और सुरक्षा की समस्या को लेकर गुरुवार को उपक्षेत्रीय प्रबंधक रजगामार कोलियरी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के प्रमुख अरुण कुमार सरकार ने बताया कि फिल्टर चौक रजगामार का मुख्य चौक है जो शाम होते ही यहां पर्याप्त रोशनी ना होने से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में बिजली अपर्याप्त हैं, जिससे चोरी, दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। संघ ने मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिल्टर चौक के पास स्थित पीपल के पेड़ या उसके बगल वाले खंभों पर 2-3 उच्च क्षमता वाली एलईडी स्ट्रीट लाइटें अविलंब लगाई जाएं, ताकि चौक पूर्ण रूप से प्रकाशित रहे। एसईसीएल प्रबंधन ने संगठन को विश्वास जताया है कि इस जनसमस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान खिलावन पटेल, यशवंत कुमार अग्रवाल एवं सुरेंद्र उपस्थित रहे।



### राज्य महिला आयोग की सुनवाई 25 जून को

**कोरबा।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी श्रीमती सरला कोसरिया, सह प्रभारी श्रीमती प्रियवन्दा सिंह जूदेव द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 25 जून को प्रातः 11 बजे से की जाएगी।

### राजस्व अनुविभाग स्तर पर 20 जून तक होंगे शिविर

**कोरबा।** राजस्व अनुविभाग (सब-डिवीजन) स्तर पर 18 से 20 जून तक 3-दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में मुख्य रूप से पात्र नागरिकों के नए पंजीकरण, त्रुटि सुधार और समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निवारण किया जाएगा। इसी कड़ी में अनुविभाग अंतर्गत षिविर नगर निगम पं. जवाहर लाल नेहरू सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। इन शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं के विशेष काउंटर लगाए जाएंगे। इन काउंटरों पर नए पंजीयन के साथ ही त्वरित सुविधा लाभ देने की शासकीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन हेतु सामूहिक प्रयास जरूरी : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत लगभग 9 हजार कर्मचारी-अधिकारी पुरानी पेंशन लागू नहीं होने से चिंतित है लेकिन एकजुट नहीं है। कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन की मांग को लेकर संगठित नहीं है। पुरानी पेंशन वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कार्मिकों की सामाजिक सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा है। इसे लागू कराने के लिए अब संगठनों को श्रेय लेने की दौड़ से हटकर सामूहिक रूप से एक मंच पर आकार संघर्ष करना होगा।


आर सी चेट्टी

उक्त बातें छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01 के महासचिव आर0सी0 चेट्टी ने कर्मचारियों के मध्य व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपातकालिन सेवा व जोखिम वाले विद्युत उद्योग में कार्यरत कर्मचारी-अधिकारी पुरानी पेंशन लागू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। वहीं इस योजना का लाभ शासन के शासकीय कार्यालयीन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित नगरीय निकाय के लगभग 2 लाख 92 हजार से अधिक कर्मचारी को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ को लगातार राष्ट्र में विद्युत क्षेत्र में अग्रणी रखते हुए राज्य के विकास को गति देने वाले विद्युत विभाग कर्मी की सेवा का कोई मूल्यांकन नहीं कर कर उन्हें शिक्षाकर्मियों से भी बदतर समझा जा रहा है। श्री चेट्टी ने कहा कि पूर्व सरकार ने वर्ष 2022 में ही पुरानी पेंशन योजना लागू करने संबंधी अधिसूचना/आदेश जारी कर दिया था एवं इस संबंध में अनेक आदेश जारी कर शासकीय कर्मियों के पेंशन कोष हेतु पेंशन संचालनालय भी बनाया गया है। कंपनी एक्ट के तहत गठित विद्युत कंपनी का 2001 से ही पंजीकृत पेंशन एवं ग्रेच्युटी ट्रस्ट है जिसके माध्यम से वर्तमान में 16 हजार से अधिक पेंशनर पुरानी पेंशन लाभ ले रहे है। शासन की घोषणा अनुरूप कंपनी में पुरानी पेंशन की मांग पर कंपनी प्रबंधन ने अपने पत्र 5 अक्टूबर 2023 से ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ शासन से सैद्धांतिक सहमति मांगी थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक-ट्रांसमिशन कंपनी को ऊर्जा विभाग की ओर से अपने पत्र 6 अक्टूबर 2023 से सहमति पश्चात यह मामला 3 वर्षो से केवल मुद्दा बना हुआ है। कंपनी संचालक मंडल को ही इस पर निर्णय लेना है लेकिन श्रेय लेने के लिए कुछ लोगों ने इसे शासन के पाले में डालकर राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 पश्चात विद्युत कंपनी में नियुक्त कर्मचारी-अधिकारी की संख्या एवं एनपीएस अंशदान राशि अलग-अलग कंपनी में क्रमशः इस प्रकार है। वितरण कंपनी में लगभाग कर्मचारी 5 हजार 5 सौ कुल अंशदान 1000 करोड़ रुपए, जनरेशन कंपनी कर्मचारी 2 हजार 5 सौ अंशदान राशि 600 करोड़ रूपए एवं ट्रांसमिशन कंपनी कर्मचारी लगभग एक हजार अंशदान राशि 300 करोड़ जमा है। अर्थात तीनों ही कंपनी के एनपीएस धारक कर्मचारी संख्या लगभाग 9 हजार एवं अंशदान राशि वर्तमान में 1900 करोड़ जमा है।

जाँजगीर मार्केट


फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध









## खबर संक्षेप

### एक साल में उखड़ गई मुक्तिधाम जाने वाली सीसी सड़क, ग्रामीणों में नाराजगी



**जांजगीर-चांपा।** आदर्श ग्राम गोधना में पिछले वर्ष लाखों रुपये की लागत से निर्मित मुक्तिधाम मार्ग की सीसी सड़क एक वर्ष के भीतर ही जर्जर हो गई है। सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाते हुए निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार मेन रोड से मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए पहले कच्चा रास्ता था। बरसात के दिनों में अंतिम यात्रा के दौरान लोगों को काफी परेशानी होती थी। कई बार अर्थी को कंधा देने वाले लोग फिसलकर गिर जाते थे। इस समस्या के समाधान के लिए पिछले वर्ष सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी।लेकिन निर्माण के महज एक साल बाद ही सड़क की परत उखड़ने लगी है। सड़क से रेत और गिट्टी बाहर निकल आई है तथा कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम यात्रा के दौरान अब सड़क पर निकली गिट्टियां पैरों में चुभती हैं, जिससे लोगों को परेशानी और चोट का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण सड़क इतनी जल्दी खराब हो गई। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होने से सरकारी राशि का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से सड़क निर्माण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा मार्ग का शीघ्र मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो आने वाले बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### प्राथमिक व मिडिल स्कूल कुटरा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लाक के संकुल केन्द्र कुटरा अंतर्गत प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला कुटरा में संयुक्त रूप से 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,शाला प्रबंधन समिति सहित पालकों व स्टाफ की मौजूदगी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर अभिनन्दन किया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तक, गणवेश का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह हमेशा बना रहे। विद्यार्थी सफल होने के लिए अपनी पूरी क्षमता से प्रयास करें, निष्ठा और लगन के साथ मेहनत करें। सही दिशा, दशा और व्यक्तित्व का निर्माण स्कूल में ही होता है। भविष्य संवारने के लिए विद्यार्थियों को मेहनत करना जरुरी है। इस अवसर पर बीईओ श्री पाटले, सरपंच बृहस्पति कश्यप, प्रधान पाठक श्रीमती इंदिरा शुक्ला, संकुल प्रभारी संदीप श्रीवास्तव, शैक्षिक समन्वयक देवेन्द्र साहू, सुलोचना साहू, श्रीमती सरोज सिंह सर्वे, आशा साहू, विजय बंजारे, प्रभावती राठौर, ज्योति तिवारी, रमेश कारके, उत्तरा, संतोष कुमार जगत, राधेलाल नामदेव, हरिकृष्ण सोनी, मिथुन, राजेश व पालकगण उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## निधन

### बंशीलाल देवांगन



**चांपा।** स्थानीय मंझली तालाब सीताराम गली निवासी देवांगन समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता बंशीलाल देवांगन का विगत 18 जून को रायपुर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। स्व. देवांगन अपने पीछे पांच पुत्रों एवं चार पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 20 जून को दोपहर 12 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र चंद्रशेखर देवांगन ने दी।

---

विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं बुद्धिजीवी वर्ग एवं विशिष्ट जन सम्मेलन का आयोजन

# विकसित भारत का संकल्प जनभागीदारी से होगा पूर्ण प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 12 वर्ष विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं बुद्धिजीवी वर्ग, विशिष्ट जन सम्मेलन का सफल आयोजन अग्रसेन भवन नैला में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजनों, बुद्धिजीवियों एवं विशिष्ट नागरिकों ने सहभागिता कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प जनभागीदारी से ही पूर्ण होगा और प्रत्येक नागरिक की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल, रामदेव कुमावत, राजेंद्र वैष्णव ,अम्बेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, संतोष लहरे, गुलाब सिंह चंदेल, श्रीमती सत्यलता मिरिी, नंद चौधरी, श्रीमती नंदनी राजवाड़े, लक्ष्मी देवांगन, राम खुबवानी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, धनंजय सिंह, आशुतोष गोस्वामी, पंकज अग्रवाल, विकास शर्मा, राकेश रूपवानी,



कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल।

हितेश यादव, अनिल शर्मा, पुष्पेंद्र निर्मलकर, मनोज अग्रवाल, शिव चमन सिंह, विक्की सिंह, राजेश्वर पाटले, श्रीमती मीरा पतकी, श्रीमती नूरेश्वरी श्रीवास, श्रीमती प्रेमलता कौशिक, श्रीमती संतोषी साहू, जवाहर यादव, गोलू दुबे, रघु कश्यप, शैल राठौर सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब कल्याण, किसानों के उत्थान, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी ने विकसित भारत निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

### जिले में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 19, 20 एवं 21 जून तक तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का जिला मुख्यालय स्थित बीडीएम उद्यान में आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा विकसित भारत-2047 की संकल्पना को आकर्षक छायाचित्रों एवं जानकारीपरक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ सनत पांडेय, प्रदीप सराफ, बद्री प्रसाद कटकवार, गोविंद सोनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, रामदेव कुमावत, राजेंद्र वैष्णव, प्रशांत सिंह ठाकुर, अमर सुल्तानिया, इंजी. रवि पांडेय, नंद चौधरी, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, श्रीमती मीरा पतकी, पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, गुरुदयाल पाटले, अनुराग शुक्ला, अनिल शर्मा, राकेश रूपानी, हितेश यादव, नरेंद्र कौशिक, राजेश्वर पाटले, आकाश सिंह, अजीत गढ़वाल, गुड्डू कहरा, विक्की सिंह, श्रीमती उमा सोनी, श्रीमती उर्मिला निर्मलकर, श्रीमती संतोषी साहू, सैल राठौर, गोलू दुबे, गज्जू, फिरदौश, श्रीमती मनीषा यादव, प्रदीप सोनी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए परिवर्तनकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसमें गरीब कल्याण, किसान हितैषी योजनाएं, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, बुनियादी अधोसंरचना, आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत-2047 जैसे विषयों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है, जो आमजन के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता, कृषि क्षेत्र में सुधार, ई-नाम प्लेटफॉर्म के माध्यम से कृषि विपणन को बढ़ावा, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया अभियान, लखपति दीदी योजना तथा विकसित भारत संकल्प अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की उपलब्धियों को दर्शाया गया है।



---


कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

# समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम करहीडीह में एसपी ने किया महिला कमांडो टीम का गठन

जिले में नशा मुक्ति और साइबर अपराधों के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की पहल पर बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम करहीडीह में महिला कमांडो टीम का गठन किया गया।

शनिवार 20 जू को आयोजित विशेष कार्यक्रम में गांव की सक्रिय महिलाओं को संगठित कर इस टीम का गठन किया गया, जो आने वाले समय में नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि महिला कमांडो टीम गांव-गांव तक जागरूकता का संदेश पहुंचाने का कार्य करेगी और लोगों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध और नशाखोरी जैसी समस्याएं समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इनसे प्रभावी तरीके से निपटने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। महिला कमांडो टीम इस दिशा में पुलिस और समाज के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगी। कार्यक्रम में महिलाओं को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, डिजिटल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा कानूनों और बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें अपने-अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

---

# भीमा तालाब परिसर में आज होगा जिला स्तरीय योग अभ्यास, वित्त मंत्री चौधरी होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, शासकीय सेवकों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा है। बैठक में कलेक्टर ने मंच निर्माण, साउंड सिस्टम, विद्युत आपूर्ति, फायर ब्रिगेड की उपलब्धता, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे आईजीकेवी का कुल सचिव, प्राकृतिक कृषि के मास्टर ट्रेनरों से किया मुलाकात

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलसचिव डॉ कपिलदेव दीपक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय कुमार शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर चांपा के एक दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे।

उन्होंने केंद्र द्वारा प्राकृतिक खेती उत्पादन इकाई, समन्वित खेती मॉडल, मशरूम उत्पादन इकाई, गौशाला इकाई, पॉलीहाउस, पाइनेपल एवं अन्य इकाई का भ्रमण कर प्रशंसा किया। कुलसचिव डॉ कपिलदेव दीपक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय शर्मा ने केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ



कार्यक्रम को संबोधित करते आईजीकेवी के कुल सचिव।

खेमा दास महंत के नेतृत्व में पौध रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष प्रधान के साथ साथ अन्य वैज्ञानिकों डॉ रंजीत मोदी , डॉ आशुलता ध्रुव, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ सूर्यवंशी के विशेष प्रायस से निर्मित प्राकृतिक खेती उत्पादन इकाई का शुभारंभ किया। इस इकाई में एनारोबिक जीवामृत निर्माण, ट्राइकोडर्मा निर्माण, वेस्ट डीकंपोजर, माइकोराइजा निर्माण, वर्मीवाश निर्माण, ब्रह्मास्त्र निर्माण, एवं अन्य इकाइयों को शुभारंभ की। साथ ही केंद्र में एसबीआई ट्रेनिंग सेंटर से भ्रमणकारी 80 प्रशिक्षार्थी गण एवं पशु सखी दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत सरकार के मार्गदर्शन में कार्यरत केवीके से जुड़कर कृषि तकनीकी एवं उद्यम से लाभकारी कदम बढ़ा सकते है साथ ही केवीके द्वारा किए जा रहे नवाचार जिले के लिए अलग पहचान बन रही है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आईजीकेवी के मार्गदर्शन में केवीके किसानों को आगे बढ़ाने के अच्छा प्रयास कर रहीं है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत किसान मास्टर ट्रेनर दुष्यंत सिंह, आशीष राठौर, दीनदयाल यादव, रूपेश कंवर को इनपुट निर्माण सामग्री वितरण किया गया, जिसमें 200 लीटर क्षमता की ड्रम, बेसन, गुड, मिर्च एवं लहसुन आदि शामिल किया गया है। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ ए पी अग्रवाल ने केवीके और महाविद्यालय द्वारा अनुसंधान एवं विस्तार के संबद्ध में विस्तृत जानकारी दी।

# पुलिस अधीक्षक ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने जनरल परेड का निरीक्षण किया। परेड में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्दी, अनुशासन,

■ पुलिस लाइन बलवा ड्रिल का कराया गया अभ्यास

शारीरिक दक्षता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जरुरी पुलिस उपकरण भी देखे। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए नियमित प्रशिक्षण और अभ्यास पर जोर दिया। इसी उद्देय से पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।


परेड में शामिल पुलिस के जवान।

शुक्रवार 19 जून को जिला पुलिस सक्ती में पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वर्दी, अनुशासन, शारीरिक दक्षता तथा आवश्यक पुलिस उपकरणों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कानून-व्यवस्था की किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नियमित प्रशिक्षण एवं अभ्यास आवश्यक है इसी उद्देश्य से पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया! अभ्यास परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा, जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, सतर्कता एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध सक्ती पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना सक्ती में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुष्पेंद्र कुमार चौहान पिता रेशमलाल चौहान उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम गढ़गोढ़ी ने अगस्त 2024 से विवाह करने का प्रलोभन देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया। इसके बाद वह विवाह करने से इंकार कर दिया। तब पीड़िता ने थाना सक्ती में शिकायत दर्ज कराई। सूचना पर थाना सक्ती में अपराध क्रमांक 276/2026, धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके बाद पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण एवं कथन कराया गया। विवेचना के दौरान आरोपी


पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

की तलाश कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। प्रकरण में संकलित साक्ष्यों एवं विवेचना के आधार पर आरोपी पुष्पेंद्र कुमार चौहान के विरुद्ध पर्याप्त प्रमाण पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

---

भाजपा कार्यसमिति की बैठक में संगठन मजबूती व योजनाओं के प्रचार प्रसार पर जोर

# सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी सक्ती की जिला कार्यसमिति की बैठक जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं संगठन जिला प्रभारी मनोज शर्मा की उपस्थिति तथा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी कार्यक्रमों एवं चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गठन के मात्र 100 दिनों के भीतर अपने प्रमुख वादों को पूरा कर जनता के विश्वास को मजबूत किया है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा अंतिम व्यक्ति को उसका लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिले के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब।

कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें, घर-घर संपर्क अभियान चलाएं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाएं। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करने के लिए अभी से जुट जाने का आह्वान किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल एवं संगठन जिला प्रभारी मनोज शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी सफलता का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन एवं बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, ₹एक पेड़ मां के नाम अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल भारत, आत्मनिर्भर भारत तथा वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनकी तैयारियों की समीक्षा भी की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दीपक अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री मोहन कुमारी साहू ने किया। बैठक में संगठन जिला प्रभारी मनोज शर्मा, प्रीतम गोयल, रामअवतार अग्रवाल, श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, डॉ. खिलावन साहू, केशव चंद्रा, प्रदेश मंत्री श्रीमती विद्या सिदार उपस्थित रहे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123